कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा), जिला—बालोद (छ.ग.)

क्र./आ.वि./खेल/2026/521 दिनांक 29/07/2026

//रूचि की अभिव्यक्ति//

जिले के शासकीय आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर, डौंडी में अध्ययनरत छात्रों को खेल का उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु पूर्णतः अस्थायी रूप से दैनिक वेतन दर/मानदेय पर तीरंदाजी (*Archery*), कबड्डी (*Kabaddi*) एवं एथेलेटिक्स (*Atheletics*) विधा के लिये योग्य खेल प्रशिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन समस्त स्व—प्रमाणित दस्तावेजों के साथ दिनांक (अंतिम तिथि 20.08.2026) शाम 5:00 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला—बालोद में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड/कोरियर से जमा कर सकते हैं।

**अनिवार्य नियम एवं शर्तें**

1. **शैक्षणिक एवं खेल योग्यता :**
   - उम्मीदवार के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
   - उम्मीदवार के पास शारीरिक शिक्षा (Physical Education) में पेशेवर डिग्री होना अनिवार्य है।
   - व्यावसायिक योग्यता : शारीरिक शिक्षा में निम्नलिखित में से कोई एक कोर्स होना आवश्यक है:—
     1. **B.P.Ed. ( Bacheior of Physical Education)**
     2. **D.P.Ed. ( Diploma in Physical Education)**
     3. **C.P.Ed. ( Certificate in Physical Education)**
     4. **B.P.E.S. ( Bacheloe of Physical Education)**
   - अनुभव : राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में न्यूनतम 1—2 वर्ष का खेल प्रशिक्षण का अनुभव को प्राथमिकता।
2. **आयु सीमा :**
   - आवेदक की आयु दिनांक 01 जनवरी 2026 को न्यूनतम 21 वर्ष तथा अधिकतम 45 वर्ष के बीच होना चाहिए।

Asstt. Commissioner
Tribal Development Balod

3. **मानदेय/वेतन दर :**

- चयनित प्रशिक्षकों को कलेक्टर दर द्वारा निर्धारित दैनिक वेतन दर अथवा विभाग द्वारा निर्धारित मासिक मानदेय के आधार पर भुगतान किया जाएगा। यह पूर्णतः कार्य आधारित होगा।

4. **चयन की प्रकृति :**

- यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी और वैकल्पिक एवं एक वित्तीय वर्ष के लिये ही मान्य होगा। उम्मीदवार भविष्य में नियमितीकरण या शासकीय सेवा में संविलियन का कोई दावा नहीं कर सकेंगे। कार्य संतोषजनक न होने पर बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त की जा सकती है।

5. **चयन प्रक्रिया :**

- प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के बाद योग्य उम्मीदवारों को प्रायोगिक परीक्षण (*Practical Test*) एवं साक्षात्कार (*Interview*) के लिए बुलाया जाएगा, जिसकी सूचना पृथक से दी जाएगी।

6. **चयन के लिये अंकों का निर्धारण :**

- **शैक्षणिक/खेल योग्यता अंकः** 50 अंक (B.P.Ed/D.P.Ed/C.P.Ed/B.P.E.S.) कोई भी एक में प्राप्त अंक का 50 प्रतिशत अंक चयन में दिया जायेगा।
- **राष्ट्रीय स्तर पदक होन परः** 10 अंक (स्वर्ण पदक–5, रजत पदक–3, कास्य पदक–2 )।
- **राज्य स्तर पदक होने परः** 10 अंक (स्वर्ण पदक–5, रजत् पदक–3, कास्य पदक–2 )।
- **प्रायोगिक परीक्षा/इंटरव्यूः** 30 अंक (समिति के समक्ष खेल कौशल का प्रदर्शन और बच्चों को सिखाने की तकनीक का मूल्यांकन)।

➢ **आवेदन पत्र का प्रारूप :–**

Asst. Commissioner
Tribal Development Balod

**आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर, डौंडी में खेल प्रशिक्षक भर्ती हेतु आवेदन पत्र**

आवेदित खेल का नाम (टिक करें)/तीरंदाजी/कबड्डी/एथलेटिक्स

| |
|---|
| आवेदक का फोटो स्वप्रमाणित |

| क्र. | विवरण | आवेदक द्वारा प्रविष्टि |
|---|---|---|
| 1. | आवेदक का पूरा नाम | |
| 2. | आवेदक का पूरा नाम (अंग्रेजी के *CAPITAL*)अक्षरों में | |
| 3. | पिता/पति का नाम | |
| 4. | माता का नाम | |
| 5. | जन्म तिथि (अंकों में और शब्दों में) | |
| 6. | दिनांक 01/01/2026 को आयु | ............वर्ष.........माह.........दिन |
| 7. | लिंग (पुरूष/महिला) | |
| 8. | जाति (*ST/SC/OBC/General*) | |
| 9. | स्थायी पता (पिनकोड सहित) | |
| 10. | पत्र व्यवहार का पता | |
| 11. | मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी | मो:..........................*Email:*................... |

➢ **शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता (हाई स्कूल से प्रारंभ करें):**

| परीक्षा का नाम | बोर्ड/विष्वविद्यालय | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्त अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 10वीं | | | | | |
| 12वीं | | | | | |
| स्नातक/*B.P.Ed.* | | | | | |
| खेल डिप्लोमा | | | | | |

**खेल संबंधी उपलब्धि एवं अनुभव का विवरण :**
**(राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय प्रमाण पत्र और कोचिंग अनुभव का विवरण दें)**

1. ........................................................................................................................
2. ........................................................................................................................

**संलग्न दस्तावेजों की सूची (स्व–प्रमाणित छायाप्रति) :**

1. कक्षा 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची।
2. स्नातक/बी.पी.एड/खेल डिप्लोमा प्रमाण पत्र।
3. खेल प्रतियोगिताओं के प्रमाण पत्र (*Representatations*)।
4. निवास एवं जाति प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)।
5. अनुभव प्रमाण पत्र (यदि हो)।

**मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दी गई सभी जानकारियां मेरे विवेक और विश्वास के अनुसार सत्य और पूर्ण हैं। यदि कोई जानकारी असत्य या गलत पाई जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति तत्काल प्रभाव से निरस्त की जा सकती है।**

**दिनांक :** ..........................

**स्थान :** ............................

**(आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर)**